1

जन्मभूमि मेरी

मातृभूमि सिंधु पुण्यभूमि सुयश
छहर अमराइयाँ रघुपति मस्त त्रिवेणी



वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।
ऊँचा खड़ा हिमालय, आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले पड़, नित सिंधु झूमता है।
गंगा, यमुन, त्रिवेणी नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली, पग-पग छहर रही है।
वह पुण्यभूमि मेरी, वह स्वर्णभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।
झरने अनेक झरते, जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं, कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है, तन-मन सँवारती है।

Scanned with CamScanner

वह धर्मभूमि मेरी, वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।

जनमे जहाँ थे रघुपति, जनमी जहाँ थीं सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया।

वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।

—सोहनलाल द्विवेदी

शब्द-अर्थ

तले – नीचे ; पड़ – पड़कर ; सिंधु – समुद्र ; छटा – शोभा ; पग-पग – कदम-कदम पर ; मस्त – आनंद में मग्न ; अमराइयाँ – आम के दूर-दूर तक फैले बाग ; मलय पवन – दक्षिण में स्थित मलय पर्वत की ओर से आने वाली शीतल, मंद और सुगंधित हवा ; रघुपति – राम ; पुनीत – पवित्र ; गौतम – महात्मा बुद्ध ; सुयश – सम्मान, कीर्ति ; वंशी – बाँसुरी ; जग – संसार ; दिया – दीपक।

Scanned with CamScanner

पाठ कौशल

प्रश्नों के उत्तर लिखो-

1. हिमालय हमारे देश के किस ओर स्थित है?
2. भारतमाता के चरणों में कौन पड़ा हुआ है?
3. इस कविता में किन नदियों के नाम आए हैं?
4. कविता के दूसरे बंध में कवि ने मातृभूमि की किन विशेषताओं को बताया है?
5. राम किन आदर्शों के लिए प्रसिद्ध हैं?
6. गीता का उपदेश किसने दिया था?
7. गौतम ने हमें क्या सिखाया?

इन पंक्तियों का भावार्थ लिखो-

1. झरने अनेक झरते, जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं, कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है, तन-मन सँवारती है।
वह धर्मभूमि मेरी, वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।

2. जनमे जहाँ थे रघुपति, जनमी जहाँ थीं सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।

सही उत्तर के सामने ✓ चिह्न लगाओ–

1. हमें अपनी मातृभूमि क्यों प्यारी है?
   (i) क्योंकि यह पुण्यभूमि है। ☐
   (ii) क्योंकि यह स्वर्णभूमि है। ☐
   (iii) क्योंकि यह बुद्धभूमि है। ☐
   (iv) क्योंकि यह हमारी जन्मभूमि है। ☐

2. राम कहाँ जनमे थे?
   (i) मथुरा में। ☐
   (ii) अयोध्या में। ☐
   (iii) वाराणसी में। ☐
   (iv) पटना में। ☐

भाषा कौशल

निम्नलिखित विशेषणों के सामने कविता से छाँटकर विशेष्य (संज्ञा) लिखो–

ऊँचा	______	निराली	______	अनेक	______
मस्त	______	घनी	______	पुनीत	______

Scanned with CamScanner

निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखो-

नदी ______	पहाड़ी ______	झाड़ी ______
अमराई ______	लड़ाई ______	मिठाई ______
चिड़िया ______	डिबिया ______	बुढ़िया ______

इन शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखो-

आकाश	______	______	______
सिंधु	______	______	______
गंगा	______	______	______
पवन	______	______	______
कोयल	______	______	______

समझो और लिखो-

सु + यश = सुयश	सु + कर्म = ______
सु + नाम = ______	सु + पात्र = ______
सु + पुत्र = ______	सु + धर्म = ______

इन शब्दों से वाक्य बनाओ-

चरण ______

छटा ______

मस्त ______

वंशी ______

पुनीत ______

Scanned with CamScanner